निरीक्षण — गेहूं खरीदी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने बीजाडांडी पहुंचे संभागायुक्त

# उपार्जन कार्य समय से पूरा किया जाए : सिंह



**नवभारत, जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने शुक्रवार को बीजाडांडी विकासखण्ड में दीपिका वेयरहाउस स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नारायण गंज गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने खरीदी केन्द्र पर भंडारण और खरीदी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं विभागीय अधिकारियों से गेहूं उपार्जन की दैनिक प्रगति, परिवहन, भंडारण, भुगतान आदि की जानकारी ली।

इस दौरान संभागायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी के लिए जितने भी स्लॉट शेष बचे हैं, उन पर उपार्जन कार्य समय से पूरा किया जाए। क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को वेयरहाउस उपार्जन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं उनके द्वारा शासन के निर्धारित मापदण्ड अनुसार गेहूँ खरीदी में मानक गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि उपार्जन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर से लेकर प्रत्येक उपार्जन केंद्र तक नोडल अधिकारियों की जिलों में नियुक्ति की गई हैह्व इसके साथ-साथ संभाग के स्तर से संभागीय अधिकारियों को भी जिले आवंटित कर नियमित मॉनिटरिंग हेतु दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर संभागायुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को शासन नीति अनुसार उपार्जन प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु उपार्जन केन्द्रों का सघन भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी किया निरीक्षण

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होनें संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों के बेड पर आवश्यक विवरण टी.पी.आर. चार्ट में दर्ज करने, मरीजों को डाइट चार्ट अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, टीकाकरण कक्ष के बाहर लगने वाले टीकों की जानकारी प्रदर्शित करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. पंजीयन एवं टीबी एवं सिकल सेल मरीजों की जांच आदि की कार्यवाहियां नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।




# श्रमिक संगठनों से चर्चा कर दी गई जानकारी

### नवीन श्रम संहिताओं पर कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रवृत्त चार नई श्रम संहिताओं पर संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गत दिवस होटल कल्चूरी रेसीडेन्सी में किया गया।

कार्यशाला में वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के नियमों पर चर्चा की गई। भारत सरकार द्वारा 08 मई 2026 को इन संहिताओं के नियमों का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है।

### श्रम संहिताओं की दी गई जानकारी

कार्यशाला में सचिव श्रम विभाग ने नवीन श्रम संहिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। वहीं, श्रम आयुक्त ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा लागू की गई इन चार संहिताओं के विभिन्न विषयों और प्रावधानों से सभी को अवगत कराया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में राज्य शासन के श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन, श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश संदीप जी आर, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम के अपर आयुक्त उपस्थित रहे। जबलपुर, सतना और शहडोल संभाग के श्रम अधिकारी तथा औद्योगिक संस्थानों एवं श्रम संगठनों के प्रतिनिधि भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।



# सिहोरा मंडी में तुलावटी बैठक के दौरान तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता पर जोर

**सिहोर, नवभारत।** कृषि उपज मंडी समिति सिहोरा के सभाकक्ष में आज दिनांक 22 मई 2026 को मंडी सचिव की अध्यक्षता में आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन को लेकर तुलावटी (तौल कर्मियों) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंडी में तौल प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सुचारु बनाना रहा।


बैठक के दौरान तौल व्यवस्था में सुधार, किसानों को सही तौल सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडी सचिव ने सभी तुलावटी बंधुओं को ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की हिदायत देते हुए कहा कि पारदर्शी तौल व्यवस्था से ही किसानों का विश्वास बना रहेगा।

इस अवसर पर मंडी सचिव श्रीमती सविता धुर्वे, मंडी निरीक्षक खेमकुमार पनिका सहित मंडी के समस्त तुलावटी बंधु उपस्थित रहे। सभी ने बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन करने और मंडी व्यवस्था को बेहतर बनाने का संकल्प लिया।

## सीएम हेल्पलाइन में नगर परिषद शहपुरा प्रदेश में नंबर वन

**शहपुरा नवभारत 22 मई।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी सीएम हेल्पलाइन की ताजा रैंकिंग में नगर परिषद शहपुरा ने पूरे मध्यप्रदेश में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के बाद नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगरवासियों में खुशी का माहौल है। नगर परिषद प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होने वाली आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण किया गया। स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का गंभीरता से समाधान किया गया। शिकायतों के शत-प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण निराकरण और बेहतर मॉनिटरिंग के चलते शहपुरा को प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है।

# गोवर्धन पूजा और बाल लीलाओं के प्रसंग पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



**सिहोरा, नवभारत।** श्री शिवदत्त कॉलोनी, स्टेशन चौराहा, गोसलपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रीधाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य पंडित विपिन दुबे जी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही संगीतमय कथा रसधार में डूबकर भक्तगण भाव-विभोर हो रहे हैं।

कथा के दौरान आचार्य श्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कन्हैया ने अपनी माखन चोरी, यशोदा मैया को मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराने और गोपियों के साथ नटखट क्रीड़ाओं के माध्यम से प्रेम और भक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के बीच के निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक हैं, जिसे सुनकर पांडाल में मौजूद हर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गया।

### गोवर्धन पूजा और प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

कथा के विशेष सत्र में गोवर्धन पूजन का भव्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रसंग की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने बताया कि भगवान कृष्ण ने इंद्र का मान-मर्दन कर ब्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी थी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि मनुष्य को प्रकृति, पर्यावरण और गोवंश की रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर भगवान गिरिराज जी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया और भक्तों ने श्रद्धापूर्वक आरती उतारी। पूरा पांडाल 'गिरिराज धरण की जय' के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

### भक्तिमय भजनों पर झूमे भक्त

बाल लीला और गोवर्धन उत्सव के दौरान कथा स्थल का दृश्य साक्षात गोकुल जैसा प्रतीत हो रहा था। मधुर भजनों और मनमोहक झांकियों के बीच मुख्य यजमानों सहित उपस्थित समस्त भक्तों ने जमकर नृत्य किया। इस भव्य धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान श्री विजय कुमार-सरोज दुबे, रामनरेश-गायत्री दुबे, रामनिरंजन-गायत्री दुबे एवं ममता दुबे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में निवेदक संजय-ऋचा दुबे, सचिन ऋतुराज-वर्षा दुबे, सत्यम-शिवन्या दुबे, सिद्धांत दुबे एवं श्रोताओं में जुगल किशोर उपाध्याय, शिवदत्त मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, प्रकाश मिश्रा, घनश्याम पटेल, राजेन्द्र तिवारी, के जी पाठक, योगेन्द्र मिश्रा, अशोक तिवारी, विजय दुबे उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक 26 को

**जबलपुर, नवभारत।** अतिवर्षा, बाढ़, अग्नि दुर्घटना तथा अन्य आपदाओं की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी को लेकर मंगलवार 26 मई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष क्रमांक 57 में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष क्रमांक 57 में होने वाली इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्ययोजना सहित उपस्थित रहने के निर्देश सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये गये हैं।

# एससी-एसटी वर्ग के युवाओं को दिया जायेगा नि :शुल्क प्रशिक्षण

**जबलपुर, नवभारत।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन जबलपुर स्थित नेशनल करियर सर्विस सेंटर फॉर एससी-एसटी द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को एक जुलाई से 'ओ' लेवल सॉफ्टवेयर और 'ओ' लेवल कंप्यूटर हार्डवेयर मेंटेनेंस का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी के अनुसार प्रशिक्षण के लिए आवेदक का 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है और उनके परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के दौरान प्रति माह एक हजार रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित पीएसएम कॉलेज परिसर में बने नेशनल करियर सर्विस सेंटर फॉर एससी/एसटी के कमरा नंबर 21-22 में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, 1 गंभीर घायल



**चल्हारी नवभारत 22 मई।** पलझा बरुहा नाला के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक की अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 54 जेडए 5497 पर सवार रघुवीर बर्मन तथा रामपाल सिंह कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अमरपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रघुवीर बर्मन को मृत घोषित कर दिया।

**घायल को कटनी मेडिकल कॉलेज किया रेफर**-गंभीर रूप से घायल रामपाल सिंह की हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बरही से कटनी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना किन कारणों से हुई, इसका पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 12 जून तक होगी अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 'ज्वाइन इंडियन आर्मी' की वेबसाइट पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 12 जून 2026 तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। विभिन्न श्रेणियों के लिए यह परीक्षा प्रतिदिन चार शिफ्टों में होगी। इस वर्ष से अग्निवीर क्लर्क और स्टोर कीपर (टेक्निकल) के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 15 मई 2026 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, जहां से अभ्यर्थी इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं।

सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के लिए भोपाल में दो केंद्र बनाए गए हैं। पहला केंद्र आईओएन डिजिटल जोन (आईडीजेड) प्रेस्टीज श्री जयराम एजुकेशन सोसायटी, कोकता बायपास, रायसेन रोड और दूसरा केंद्र आईओएन डिजिटल जोन (आईडीजेड) आरजीपीएम, सांखेड़ी, दानिश कुंज, कोलार रोड पर स्थित है।सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट अनिवार्य रूप से अपने साथ लाएं। साथ ही एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और निर्धारित समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचें।भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता (मेरिट) के आधार पर किया जाता है। सेना भर्ती कार्यालय ने सभी अभ्यर्थियों को दलालों और धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सख्त हिदायत दी है। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या सहायता के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2540954 और 9039018588 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

जानकारी — पाटन के ग्राम खजरी पहुंचा कृषि रथ, किसानों को हरे चारे को संरक्षित रखने की बताई विधि

# किसानों को सिखाया साइलेज बनाने का वैज्ञानिक तरीका





**नवभारत,जबलपुर।** किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देश पर जिले में विकासखंड स्तर पर चलाये जा रहे 'कृषि रथ' ने शुक्रवार को पांचवें दिन पाटन विकासखंड के रमखिरिया, कुशली और खजरी की यात्रा की। इस दौरान किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती के तौर -तरीकों की जानकारी दी गई।

कृषि रथ के भ्रमण के दौरान ग्राम खजरी के प्रगतिशील कृषक और युवा उद्यमी अंश सिंह चंदेल के फार्म पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों के समक्ष पशुपालन को अधिक लाभप्रद बनाने और हरे चारे की कमी को दूर करने के उद्देश्य से 'पॉलीथिन पैकिंग मेथड' से साइलेज बनाने की विधि का जीवंत प्रदर्शन कर किसानों को नई तकनीकी की जानकारी प्रदान की गई।

### हरे चारे को सुरक्षित रखने की बताई वैज्ञानिक तकनीक

अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन ने किसानों को बताया कि इस आसान और कम लागत वाली विधि से किसान लंबे समय तक अपने पशुओं के लिए पौष्टिक हरा चारा सुरक्षित रख सकते हैं। युवा कृषक अंश सिंह ने बताया कि साइलेज दरअसल हरे चारे को बिना सुखाए, उसमें मौजूद पोषक तत्वों को सुरक्षित रखते हुए लंबे समय तक स्टोर करने की एक वैज्ञानिक तकनीक है। इसे 'चारे का अचार' भी कहा जाता है।

### किसानों को दी गई अहम जानकारियां

इस दौरान किसानों को बताया गया कि साइलेज बनाने मिल्किंग स्टेज में गन्ना एवं नेपियर की फसल का चयन किया जा सकता है। इस स्टेज में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है। सबसे पहले चारे को कुट्टी मशीन की मदद से 1 से 2 सेंटीमीटर के छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लिया जाता है। कटी हुई कुट्टी को मजबूत, मोटी और हवा रोधी पॉलीथिन बैग में परतों में भरा जाता है। हर परत को अच्छी तरह से दबाया जाता है ताकि उसके अंदर की पूरी हवा बाहर निकल जाए। हवा अंदर रहने पर चारा सड़ सकता है। वहीं पालीथिन पैकिंग मेथड से साइलेज बनाने के तरीके के प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवआनंद सिंह भी उपस्थित रहे।

# चोरों ने बाइक की डिक्की से उड़ाए 1 लाख रुपये

### क्षेत्र में मचा हड़कम्प, सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां कैद हुई



**नवभारत उमरिया 22 मई।** शहर में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार शिक्षक मनोज सिंह बघेल ने चंदेल होटल के सामने स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से 1 लाख 5 हजार रुपये निकाले थे। इसके बाद वे विकटगंज स्थित मिश्रा किराना स्टोर पर सामान खरीदने पहुंचे। बताया जाता है कि जैसे ही वे दुकान के अंदर सामान लेने गए बाइक की डिक्की का ताला तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 5 हजार रुपये चोर उड़ा ले गए।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित के अनुसार आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां कैद हुई हैं। संबंधित फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है।

**थाना कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत**-घटना के बाद फरियादी द्वारा थाना कोतवाली उमरिया में शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते ने बताया कि मनोज सिंह बघेल की बाइक की डिक्की से 1 लाख 5 हजार रुपये की चोरी कर लिए गए है।

**पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**-उन्होंने कहा कि ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली है तथा सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नकदी को वाहन की डिक्की में रखने के बजाय अपने पास या किसी सुरक्षित स्थान पर रखें, क्योंकि अपराधी ऐसे अवसरों की तलाश में रहते हैं।